हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 15 अप्रैल 2026

04 कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर किया गेहूं की...



07 संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और...






### सेवा और सम्मान कर मनाई भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

# बाबा साहब का जीवन संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक : कविता शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़



नगर में भाजपा द्वारा अंबेडकर जयंती सेवा और सम्मान के रूप में मनाई गई। भारतीय जनता पार्टी कानड़ मंडल के बूथ क्रमांक 289 सहित नगर के नपा गार्डन में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा, उत्साह और सेवा कार्यों के साथ मनाई गई। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में माताएं, बहनें एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। बूथ क्रमांक 289 पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं नमन के साथ की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित जनमानस ने उनके विचारों और समाज सुधार में दिए गए योगदान को स्मरण किया। सेवा कार्य के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा माताओं, बहनों एवं बेटियों को 20 जोड़ी चप्पल वितरित कर स्वयं पहनाई गईं। इसके बाद सभी को लड्डू वितरित कर मिठाई खिलाई गई।



इस अवसर पर जिला मंत्री भाजपा कविता शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि महापुरुषों की जयंती सार्वजनिक रूप से मनाने का उद्देश्य उनके संघर्ष, विचारों और समाज में लाए गए सकारात्मक परिवर्तन को जन-जन तक पहुंचाना होता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक है, जिससे सभी को सीख लेने की आवश्यकता है। इस दौरान दिनेश अंकल, हेमंक जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसी क्रम में नगर के नप गार्डन में भी अंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब को नमन करते हुए उनके विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नप अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी,मं डल अध्यक्ष अंतर सिंह दौलतपुर, जिला मंत्री कविता शर्मा, पार्षद विजयलक्ष्मी माली, बने सिंह, मंडल उपाध्यक्ष डॉ. देवनारायण गौड़, दयाराम खजुरिया, युवा नेता मनीष शर्मा, अंकुर शिंदे, भरत सग़वलिया, महेश सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में समरसता व जागरुकता का संदेश दिया।

### राज्य कर्मचारी संघ का निर्वाचन संपन्न

# अनिल सोनी बने आगर जिलाध्यक्ष ब्लॉक नलखेड़ा में नागर बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की नीति निर्देशानुसार प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिला आगर मालवा के पदाधिकारियों की इकाई का गठन क्या हुआ, जिसमें जिलाध्यक्ष पद पर अनिल सोनी का मनोनयन किया गया। मंगलवार को नलखेड़ा में निर्वाचन अधिकारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार चंदेल, प्रदेश मंत्री हेमंत अजानिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष केसी मेड़वा, विधानसभा कर्मचारी संघ अध्यक्ष राधावल्लभ सेन तथा भारतीय मजदूर संघ आगर के जिला अध्यक्ष अमित जोशी, जिला मंत्री राकेश पड़िहार, कोषाध्यक्ष महेंद्र जैन की उपस्थिति एवं सम्पूर्ण जिले एवं सभी विभाग से आए राज्य कर्मचारी संघ के सदस्यों ने अनिल सोनी को जिलाध्यक्ष जिला आगर मालवा व गिरीश शर्मा को जिला कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया।

इसी के साथ जगदीश बेगाना जिला संगठन मंत्री, अक्षय दोहरे जिला सचिव, महावीर जैन जिला कोषाध्यक्ष, पंकज जोशी जिला सह सचिव, नितिन रघुवंशी अनिता जैन, महेंद्र जैन, मनोज दुबे जिला उपाध्यक्ष सर्वानुमति से मनोनीत किया गया। निर्वाचन कार्यक्रम में ब्लॉक स्तरीय इकाई में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष पद हेतु क्रमशः ब्लॉक आगर में अनिल सोनी, (एपीसी) कमल राठौर, शिवपाल सिंह सोनगरा ब्लॉक बडौद में अनिल दामके, देवेश दुबे, मोहनलाल दसलानिया, ब्लॉक नलखेड़ा में सतीश नागर, ललित सेन, होकम सिंह सोनगरा, ब्लॉक सुसनेर में योगेश मेघवंशी,राजेश जैन, बद्रीलाल रावत मनोनीत किए गए। निर्वाचन कार्यक्रम उपरांत प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा अपने उद्धबोधन में मध्यप्रदेश शासन के 55 विभागों जो कि राज्य कर्मचारी संघ में निहित है। उनके अधिकारी कर्मचारी हित में किए गए कार्यों और संगठन के विचार, कार्यप्रणाली के बारे में उपस्थित सभी सदस्यों को बताया गया।

# नाई सेरी में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाई सेरी स्थित हिंगलाज माता मंदिर में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान सेन समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत संत सेन महाराज की पूजा-अर्चना से हुई। उपस्थित जनों ने विधि-विधान से आरती उतारकर लड्डू का भोग अर्पित कर प्रसादी का वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री कविता आशीष शर्मा, विधायक प्रतिनिधि दिनेश बिजापारी, मंडल उपाध्यक्ष भरत संगवलिया, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेमंक जायसवाल एवं बूथ अध्यक्ष देवीसिंह आर्य सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सेन समाज के वरिष्ठजनों में प्रेमनारायण सेन, नीरज सेन, सुनील यादव, महेश सेन, मुकेश यादव, सतीश सेन, आरव सेन तथा उपस्थित मातृशक्ति का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया।



## राज्य कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्षों का किया स्वागत

**नलखेड़ा।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के आगर जिला अध्यक्ष पद पर अनिल सोनी तथा ब्लॉक अध्यक्ष पद पर ललित नागर के मनोनयन के बाद दोनों नवनिर्वाचित अध्यक्षों का भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, तहसील प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेंद्र सकलेचा, सचिव दिलीप खंडेलवाल, पत्रकार योगेंद्र मकवाना, भाजपा ब्लॉक महामंत्री शिवम नागर, विपिन पाटनी के द्वारा स्वागत कर सम्मान किया गया।

# जयंती पर अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया




**नलखेड़ा।** अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स नलखेड़ा द्वारा भारत रत्न बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। सदस्यों ने छापीहेड़ा रोड स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर देशवासियों को बधाई दी। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी रमेशचंद समरावत, सुरेश बामनिया, महेश जांगड़े, सुरेश सूर्यवंशी, राहुल सूर्यवंशी, गोपाल सूर्यवंशी, हुकमसिंह, डॉ विक्रमसिंह, राजवीर जांगड़े आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा ने मनाई अंबेडकर जयंती

**नलखेड़ा।** मंगलवार को नगर में स्थित डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा नेताओं द्वारा जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलीप सकलेचा, मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, मंडल महामंत्री द्वय शिवम नागर व बिरमलाल मालवीय, युवा मोर्चा के सुनील पाटीदार, पूर्व जिला मंत्री मुकेश लोढ़ा सहित पार्टी नेता, पार्षदगण व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# डॉ. अंबेडकर का जीवन हमें जागरूक रहने की प्रेरणा देता है : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिला मुख्यालय स्थित नवीन मांगलिक भवन, कंपनी गार्डन आगर-मालवा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मधु गेहलोत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथियों का स्वागत डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई द्वारा किया गया, वहीं कार्यक्रम की रूपरेखा जिला संयोजक, जनजातीय कार्य विभाग शेखर उईके ने प्रस्तुत की।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूसिंह चौहान, गिरधारीलाल मालवीय, जिला पंचायत सदस्य मोहन मकवाना

**जिला स्तर पर धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती**




एवं पर्वतलाल गुहाटिया, महेरबान सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं कनक चौहान, दिलकुश मालवीय, सुमित भिलाला, रविंद्र चंद्रवंशी एवं अंतरजातीय विवाह करने वाले जोड़ों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। बालिका पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की छात्राओं ने डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक समरसता के विचारों पर आधारित नृत्य-नाटक की आकर्षक प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित जनों ने सराहा। पोस्ट मैट्रिक छात्रावास के छात्र ईश्वर सूर्यवंशी को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

विधायक गेहलोत ने उद्बोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन हमें समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से समाज के हर वर्ग को समान अवसर प्रदान किए और हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक समरसता एवं भाईचारे को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाएं और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर गिरधारीलाल मालवीय ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहब के योगदान को स्मरण किया।

# महाविद्यालय में डॉ अम्बेडकर जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की



**नलखेड़ा।** स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ जीएल रावल, डॉ गीतेश कुमार डावर, डॉ सुखदेव बैरागी, डॉ गोपाल कुरील, डॉ आशीष साखंला, डॉ सीमा तारे, महेश कुमार गोयल उपस्थित रहे।

**बड़ी संख्या में ग्रामीण जन रहे उपस्थित**

# डॉ अंबेडकर की प्रतिमा का हुआ अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



ग्राम पंचायत हिरण खेड़ी के अंतर्गत ग्राम खेड़ा में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत हिरण खेड़ी के सरपंच पवन पाटीदार, सचिव नाथूलाल जैन, सहसचिव प्रेम नारायण पाटीदार, समाजसेवी महेश पाटीदार, उपसरपंच प्रतिनिधि रामपाल भालोट तथा ग्राम खेड़ा के वरिष्ठ नागरिक प्रभुलाल देवड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रतिमा अनावरण के बाद ग्रामीण जनों द्वारा गांव में उत्साहपूर्वक जलूस निकाला गया, जिसमें युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बाबा साहेब के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा। इसके बाद सामूहिक सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ग्रामवासियों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। यह आयोजन सामाजिक समरसता, भाईचारे एवं एकजुटता का प्रतीक बना। कार्यक्रम में नाथूलाल जैन सचिव, महेश पाटीदार आदि वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन एवं उनके संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा, समानता एवं अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

सरपंच पाटीदार ने अपने संबोधन में समाज को एकजुट रहने एवं आपसी सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित जनों द्वारा बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने एवं समाज में समरसता स्थापित करने के संकल्प के साथ हुआ।

### जैन आराधना भवन में चल रहे प्रवचन, समाजजन रहे उपस्थित

# पुरुषार्थ ही सिद्धि का सौपान है : रत्ननिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

परमात्मा का शासन बड़े ही पुण्य के उदय से हमें प्राप्त हुआ है। परिवार जनों से मिलने पर जितनी खुशी हमें होती है, उसी तरह हम परमात्मा से मिलने उनके दर्शन को मंदिर जाते हैं तब हमारे मन में भी ऐसे ही खुशी के भाव होना चाहिए। पुरुषार्थ ही सिद्धि का सौपान है।

जैन आराधना भवन में सोमवार को प्रवचन के दौरान रत्ननिधि म.सा. ने उपस्थित समाज जनों के समक्ष यहा बात कही। साध्वी ने कहा कि परमात्मा संसार के समस्त जीवों को एक दृष्टि से देखते हैं। सभी प्राणियों को भवसागर से पार लगा दूं यही भावना उनकी रहती है। संसार के समस्त जीवों के प्रति जिनकी समान दृष्टि नहीं होती है वह आत्मा कभी तीर्थंकर गोत्र नाम कर्म का बंध नहीं करती है।




उन्होंने कहा कि जब तक स्व अध्याय नहीं होगा हम परमात्मा के शासन के सारभूत तत्वों को समझ नहीं पाएंगे उन तत्वों को समझने के लिए हमें तत्वों की गहराई में जाना होगा। इसके लिए स्वाध्याय एवं ध्यान का आलंबन लेना होगा। उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म प्राप्त होना इतना दुर्लभ नहीं है, जितना परमात्मा का शासन हमें मिलना। बड़े पुण्य के उदय से हमें वीतराग परमात्मा का शासन प्राप्त हुआ है। परिवार जनों से मिलने पर हमें जितनी खुशी होती है वही खुशी हम जब परमात्मा के दर्शन करने को मंदिर में जाएं तो हमारे मन में होना चाहिए। उन्होंने कहाकि मंदिर में चैत्य वंदन के माध्यम से हम परमात्मा के समक्ष यहा भावना भाते है कि मैं और परमात्मा एक ही है। चैत्य वंदन करते समय मन वचन काया के द्वारा परमात्मा से तादाद में संबंध स्थापित होता है।

देवाधिदेव परमात्मा में भी वह ताकत है कि वहां अपने भक्तों को अपने ही समान बना सकता है। इसके लिए हमारे मन में भी प्रभु के प्रति पूर्ण श्रद्धा, भक्ति, आस्था, समर्पण होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ध्यान किए बिना मन एकाग्र नहीं हो सकता है तथा मन की एकाग्रता के बिना परमात्मा से संबंध नहीं जुड़ सकता है। मन की एकाग्रता के साथ संकल्प का बल नहीं होगा तो हमें किसी भी चीज की प्राप्ति नहीं हो सकती है। संकल्प की शक्ति सबसे ताकतवर होती है। पुरुषार्थ सिद्धि की पहली पायदान है, पुरुषार्थ से ही सिद्धि प्राप्त होती है। आत्मा से परमात्म पद की प्राप्ति करना है तो जिनवाणी, जिनआगम के प्रति पूर्ण श्रद्धा व आस्था होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की इच्छा पूर्ण न होने पर उसके मन में उदासी व बेचैनी रहती है। वही इच्छा पूर्ण होने पर उसके चेहरे पर खुशी झलकती है। धर्म हमारी नींव है, बिना धर्म के जीवन में पुण्य का संचय नहीं हो सकता। जीवन में पापों का जो अतिक्रमण है उसे हटाने के लिए प्रतिक्रमण आवश्यक है। पापों की आलोचना के लिए प्रतिक्रमण औषधि का कार्य करती है।

**खबर संक्षेप**

### अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह की रोकथाम में मदद करें

**हरदा।** जिला प्रशासन द्वारा 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले विवाह समारोहों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए बाल विवाह की संभावनाओं को रोकने के उद्देश्य से विवाह से संबंधित सभी सेवा प्रदाताओं से अपील की गई है। जिला हरदा के विवाह से जुड़ी सभी सेवाएं देने वाले पंडित, धर्मगुरु, होटल, केटरर, टेंट हाउस संचालक, बैंड-बाजा वाले, ब्युटी पार्लर, घोड़ी-बग्गी संचालक, मैरिज गार्डन मालिक, छायाकार, स्टूडियो संचालक एवं अन्य आयोजकों से अनुरोध किया गया है कि वे विवाह से पूर्व बालक-बालिका की आयु का सत्यापन अवश्य करें। प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुराग दुबे ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे विवाह न केवल कानूनन वर्जित हैं, बल्कि बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विपरीत प्रभाव डालते हैं। उन्होने नागरिकों से अपील की है कि वे समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने में प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही, बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण अधिनियम 2016 के तहत शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## गेहूं उपार्जन के पंजीयन स्लॉट बुक करने में आ रही समस्याओं को गंभीरता से लिया

# कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर किया गेहूं की वास्तविक उपज का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में किसानों को गेहूं उपार्जन हेतु पंजीयन स्लॉट बुक करने में आ रही समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने ग्राम स्तर पर पहुंचकर किसानों के खेतों का निरीक्षण किया।

उन्होने ग्राम अहलवाडा में जाकर किसानों से सीधे संवाद किया एवं उनकी समस्याओं को समझा। इस दौरान उन्होंने खेतों में खड़ी एवं कटाई उपरांत रखी गई गेहूं की फसल का अवलोकन कर वास्तविक उपज का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को स्लॉट बुकिंग में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होने स्पष्ट किया कि शासन किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है तथा उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर तहसीलदार टिमरनी, जिला आपूर्ति अधिकारी बासुदेव भदौरिया एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रशान्त कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जनगणना 2027 के तहत पहले चरण की शुरुआत 16 से

**हरदा।** जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण की शुरुआत 16 अप्रैल से होगी। इस ऐतिहासिक चरण में 16 से 30 अप्रैल 2026 के बीच नागरिक ह्यस्व-गणनाह्न प्रक्रिया के माध्यम से अपने परिवार और घर की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। संयुक्त कलेक्टर एवं जिला जनगणना प्रभारी रजनी वर्मा ने बताया कि स्व-गणना एक नया सुविधाजनक विकल्प है। यह परिवार के किसी भी उत्तरदाता को सुरक्षित वेब पोर्टल का उपयोग करते हुए अपने घर अथवा कार्यालय या अन्य किसी स्थान से ऑनलाइन अपने परिवार की जानकारी स्वयं भरने की सुविधा प्रदान करता है।
सुश्री वर्मा ने बताया कि स्वगणना के तहत आपको ऑनलाइन फार्म भरकर एक विशिष्ट आईडी जनरेट करना होता है, जिसे बाद में आने वाले जनगणना कर्मचारी को दिखाना होता है, जिससे डेटा सत्यापन आसान हो जाएगा। यह पोर्टल 16 अलग-अलग भाषाओं में उपलब्ध होगा, ताकि लोग अपनी मातृभाषा में जानकारी साझा कर सकें। इस प्रक्रिया में मुख्य रूप से दो श्रेणियों में डेटा एकत्र किया जाएगा। मकान सूचीकरण के तहत घर के स्वामित्व, निर्माण सामग्री और उपलब्ध सुविधाओं का विवरण होगा तथा जनसंख्या विवरण के तहत परिवार के सदस्यों के नाम, उनकी आयु, शिक्षा और व्यवसाय की जानकारी शामिल होगी। सुश्री वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि स्वगणना के दौरान सही उत्तर देना धारा 8 के तहत अनिवार्य है। स्वगणना में सभी प्रश्नों का सही उत्तर दें।

### जनगणना हेतु नियुक्त प्रगणकों व सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण 15 से

**रहटगांव।** जनगणना 2027 के तहत तहसील जनगणना अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी रहटगांव द्वारा प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स की नियुक्ति की गई है। नियुक्ति की सूचना मोबाईल संदेश के माध्यम से दी गई है तथा जनगणना कार्य हेतु नियुक्त सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम अनुसार प्रगणकों व सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण तीन बैच में प्रातः 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिमरनी में आयोजित किया है।

### निबंध व दीवार लेखन से जल संरक्षण का संदेश दिया

**हरदा।** प्रदेश में बड़ी संख्या में खेत तालाब, अमृत सरोवर, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सूखे कुँओं को नया जीवन देने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही नागरिकों को जल संरक्षण के लिये प्रेरित करने हेतु विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरकिया में विकासखण्ड स्तरीय निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा निबन्ध लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया।

## उपार्जन केंद्र पहुंचे विधायक, किसानों से पूछा व्यवस्थाएं सही हैं या नहीं, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

किसानों की उपज सही तोल सही दाम पर बिकने और निश्चित समय पर पैसा मिलने सहित उपार्जन केंद्रों पर किसानों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विधायक सुदेश राय सक्रिय बने हुए हैं। विधायक सुदेश राय सोमवार को दोराहा स्थित हरे कृष्णा उपार्जन केंद्र वेयर हाउस पर पहुंचे और सीधे गेहूं बेचने आए किसानों से उपार्जन केंद्र पर मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।

खाद नागरिक आपूति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के द्वारा शासकीय स्तर पर बनाऐं गए उपार्जन केंद्रों पर किसानों से सरकार के द्वारा निर्धारित मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जा रही है। विधायक सुदेश राय ने किसानों से पूछा कि तोल में कोई दिक्कत तो नहीं है पीने का पानी और बैठने के लिए छाया है नहीं। विधायक सुदेश राय ने उपार्जन केंद्र प्रभारी से किसानों के द्वारा बनाए गए प्रतीक्षा कक्ष, केंटीन, पेयजल, फार्ट एंड बॉक्स की जानकारी और किसानों का कोई भी किसी प्रकार की परेशानी नही हो इस का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

# महायज्ञ और नगर भोज के लिए दान स्वरूप 300 क्विंटल से अधिक सामग्री की एकत्रित

### भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ में शामिल होंगे 84 जोड़े

**सीहोर।** आगामी 19 अप्रैल से शहर के न्यू बस स्टैंड स्थित श्री हनुमान मंदिर समिति एवं समस्त क्षेत्रवासियों के तत्वावधान में होने वाले भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ के लिए यज्ञशाला का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में इसके अलावा यहा पर नजदीक में सप्त दिवसीय श्रीराम कथा एवं मानस सम्मेलन, महाकाल मंडल रामलीला आदि के लिए भी पंडाल लगाए जा रहे हैं। प्रतिदिन होने वाले नगर भोज के लिए दान आना प्रारंभ हो गया था। भंडारे के लिए क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने गेहूं, दाल, घी, तेल, शक्कर, चावल सहित अन्य सामग्री समिति को दान स्वरूप भेंट की। इसके साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा नगद राशि भी दान स्वरूप प्रदान की जा रही है। भोजन निर्माण के लिए भंडार गृह बनाया गया है। सोमवार को यज्ञ संचालक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे, मंदिर समिति के अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर, संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा आदि ने यहां पर जारी निर्माण कार्य का जायजा लिया।

यज्ञ संचालक संत कटारे बाबा ने बताया कि आगामी 19 अप्रैल से होने वाले सात दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन समिति अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर और क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया गया है। मेहंदीपुर बालाजी मंदिर भगवान हनुमान हिंदू देवता जिन्हें संकट मोचन माना जाता इसी का रूप अब करोड़ों रुपए की लागत से शहर के बस स्टैंड पर श्री सिद्ध हनुमान मंदिर प्रसिद्ध होने जा रहा है। करीब पांच करोड़ से बनाए जाने वाले हनुमान मंदिर में राजस्थान से लाखों रुपए से मंगाई गई जहां पर हनुमान जी के साथ ही भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और जानकी की



मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर देश भर के प्रसिद्ध संतों का समागम होगा। सत्प दिवसीय 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण किया गया है।

#### पांच मंजिल महायज्ञ शाला बनी आकर्षण का केन्द्र

हनुमान मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा और क्षेत्रवासियों के सहयोग से शहर के बस स्टैंड के बाद जयंती कालोनी में बनाई जा रही आयोजित महायज्ञों में 21 कुंडीय 5 मंजिला यज्ञशाला आकर्षण का केंद्र है। संत श्री कटारे बाबा ने बताया कि यज्ञशालाओं का निर्माण आमतौर पर बांस, लीप्टिस, कुश और नारियल की रस्सियों का उपयोग करके किया जाता है। ये 5 से 7 मंजिल तक ऊंची हो सकती हैं, जो लगभग 55 फीट तक की ऊंचाई तक पहुंचती हैं। उन्होंने बताया कि पंडित श्री कटारे ने बताया कि हमारे ब्रह्मलीन पिता श्री द्वारा करीब 232 से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जा चुका है और हमारे द्वारा भी अब तक 88 से अधिक मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ प्राण-प्रतिष्ठा हो चुकी है और करीब 12 मंदिर निर्माणाधीन है।

इसमें करीब 84 से अधिक यजमानों के द्वारा पूर्ण विधि-विधान से यज्ञ संचालक पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा के मार्गदर्शन में यज्ञाचार्य पंडित दीपक शास्त्री के द्वारा आहुतियां दी जाएगी। 19 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा, पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश, जलाधिवास, राम रक्षा स्त्रोत एवं हनुमान चालीसा पाठ तथा मानस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

20 अप्रैल को देव स्थापना, अग्नि स्थापना, हवन, अन्नाधिवास, एवं मानस सम्मेलन, 21 अप्रैल को देव पूजन, हवन, पुष्पाधिवास, लताधिवास, फलाधिवास के अलावा 22 अप्रैल को देव पूजन, हवन, मिष्ठानाधिवास, घृताधिवास, 23 अप्रैल को देव पूजन, हवन, महाभिषेक और भव्य शोभा यात्रा राम बारात, 24 अप्रैल को देव पूजन, हवन, प्राण-प्रतिष्ठा, महा आरती और 25 अप्रैल को हवन एवं पूर्णाहुति और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत जिला अभिसरण समिति की बैठक आयोजित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत जिला अभिसरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि योजना के अंतर्गत चयनित सभी ग्रामों में निर्माण विकास के कार्य व्यवहारिक और सर्वथा उपयोगी हों। उन्होंने कहा की गावों की आवश्यकताओं और उपयोग को ध्यान में रखकर कार्यों का निर्धारण करें, ताकि इस योजना का उद्देश्य सार्थक हो सके। उन्होंने चयनित ग्रामों में संचालित विकास कार्यों, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, प्रस्तावित कार्यों तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं के अभिसरण की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करते हुए ग्रामों के समग्र विकास को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य चयनित ग्रामों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करना है, जिसके लिए आवश्यक है कि सभी विभाग अपनी-अपनी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कार्यों को तय समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### योजना में सीहोर जिले के 29 ग्राम शामिल

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत सीहोर जिले के 29 ग्रामों को शामिल किया गया है, जिनमें आष्टा के 17, सीहोर के 05, इछावर के 05, बुधनी का एक और भैरूंदा का एक गांव शामिल है। चयनित ग्रामों की बात करें तो योजना में ग्राम कान्याखेड़ी, भानाखेड़ी, पटारिया चौहान, देवनखेड़ी, खेनियापुरा, भाऊखेड़ा, नवरंगपुर, गाजना, जताखेड़ा, भेरूपुर, ईसईलखेडी, परोलिया, बुरानाखेड़ी, लच्छीरामजीपुरा, पागरी, शोभाखेडी, अरनिया दाउद, बिजौरा, रामपलासी, डेंडी, तोरनिया, खारपा, कुल्हाडी, लसुडिया गौडी, जाटखेड़ी, हिमतपुरा, लसुडिया शेखु, सनखेड़ी और श्यामुगांव शामिल है।

#### संस्कार मंच के तत्वाधान में श्रद्धांजली अर्पित की

**सीहोर।** सोमवार को संस्कार मंच की बैठक का आयोजन शहर के श्री राधेश्याम विहार कॉलोनी में किया गया था। इस मौके पर मंच के संरक्षक जितेन्द्र तिवारी ने आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा का विस्तार से वर्णन किया। इस दौरान निलेश अग्रवाल निक्की की माता और राजा अग्रवाल की भाभी और स्व. मोहन अग्रवाल की धर्मपत्नी मालती देवी के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित




**सीहोर।** नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की दीदियों, लाड़ली बहनों और सभी महिलाओं को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही जिले में 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन, नारी शक्ति पदयात्रा, विशेष ग्राम सभाएं, संगोष्ठी, व्याख्यान सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे सहित संबंधित अधिकारी एवं महिलाएं शामिल हुईं।

### नौ दिवसीय श्रीराम कथा में भगवान राम की बाललीला का किया वर्णन

# जब तक ये विकार मन में हैं, तब तक श्री राम के दर्शन संभव नहीं:महंत उद्धवदास महाराज





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शास्त्रों में काम, क्रोध और लोभ को नरक के तीन द्वार माना गया है, जो आत्मा का पतन करते हैं। जब तक ये विकार मन में हैं, तब तक राम के दर्शन आत्मसाक्षात्कार संभव नहीं हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार का त्याग कर, सत्संग और नाम जप के द्वारा जब मन से काम-विकार हट जाते हैं, तब अंतरआत्मा में श्री राम के दिव्य दर्शन होते हैं। उक्त विचार शहर के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर कंचन विहार विश्वनाथपुरी में जारी नौ दिवसीय श्रीराम कथा में महंत उद्धवदास महाराज ने कहे।

महंत उद्धवदास महाराज ने भगवान श्रीराम की बाललीलाओं का वर्णन करते हुए कहाकि अहंकार छोड़ने से ही शक्ति मिलती है। शक्ति से भक्ति मिलती है। समृद्धि और विकास के रास्ते भी तय होते हैं। आप भी अपने जीवन से घमंड या अहंकार छोड़कर देखें जीवन की परेशानियों हो जाएंगी दूर। मानव जीवन हमें हमारे पुण्य से मिला है, मनुष्य को इसका सदुपयोग करना चाहिए और राम नाम का जप करते हुए अपने लोक व परलोक को सुधारना चाहिए। कलियुग में मनुष्य का सबसे बड़ा सहारा राम नाम ही है। प्रवचन के दौरान महाराज ने कहा कि हमें अपने दाम्पत्य जीवन में गंभीर होना चाहिए। पति-पत्नी, भाई-बहन, भाई-भाई का प्रेम, पिता-पुत्र, सास-बहु सभी को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। रामायण हमें मर्यादा सिखाती है। नौ ग्रहों का भाग्य पर बड़ा असर पड़ता है पर नौ ग्रहों से ऊपर भी है भगवान का अनुग्रह जिस पर भगवान का अनुग्रह हो जाए उसके सारे ग्रह अनुकूल हो जाते हैं, दुनिया में किसी भी देश को माता होने का गौरव प्राप्त नहीं है यह भारत माता ही है जिसने परमात्मा को भी पुत्र के रूप में अवतरित कर लिया, भरतजी प्रेम का रूप है और आत्मा का पोषण प्रेम से ही होता है इसलिए रामायण में भरत के नाम की व्याख्या करते हुए गुरु वशिष्ठ ने भरत को भरण पोषण करने वाला बताया है, परमात्मा किसी के साथ भेदभाव नहीं करता आज का कर्म ही कल का भाग्य बनता है इसलिए संसार मे कर्म की प्रधानता है। लोभ, मोह, क्रोध और अहंकार को हटा सकें तब ही हृदय में राम का जन्म होता है। पूर्ण रूपेण सुखी और संतुष्ट होने के लिए हृदय में राम का प्राकट्य होना जरूरी है।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




मप्र शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक 11 एवं 12 अप्रैल को शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रषिक्षण संस्थान सीहोर में संगठन मंत्री महेन्द्र कपूर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नई दिल्ली के मुख्य आतिथ्य में डॉ. क्षत्रवीर सिह राठौर प्रांताध्यक्ष मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, महामंत्री संजय राउत, संगठन मंत्री हिम्मत सिंह जैन, सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा, प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद पुनी एवं समस्त प्रांतीय पदाधिकारियों, समस्त संभागीय अध्यक्ष/सचिवों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक की कार्यवाही का संचालन प्रदेश महामंत्री राकेश गुप्ता द्वारा किया गया।

बैठक का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्जवलन, पूजन अर्चन के साथ किया गया। डाईट की छात्र शिक्षिकाओं द्वारा माँ सरस्वती की वंदना का गायन कर संगठन मंत्र के साथ बैठक प्रांरभ की गयी। बैठक में संगठन मंत्री ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में गुरु छाया कार्यक्रम माह अगस्त में मनाया जाये जिसमें प्रत्येक शिक्षक एक वृक्ष लगाये व उसका पालन पोषण करें। बैठक में टीईटी की परीक्षा के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई एवं अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करने के लिए संगठन द्वारा प्रयास पर चर्चा की गयी। साथ ही शिक्षक, विद्यालय एवं विद्यार्थियों की अनेक समस्याओं पर चर्चा कर शासन से समन्वय स्थापित कर समस्याओं के निराकरण के संबंध में चर्चा की गयी। सीहोर जिले के जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह की माता जी के आकास्मिक निधन पर दो मिनिट का मौन रखकर दिवगंत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। प्रांतीय कार्यकारणी ने सीहोर में बैठक के सफल आयोजन के लिए जिला कार्यकारीणी को धन्यवाद दिया। बैठक के अंत में कल्याण मंत्र बोलकर समापन किया गया।

खबर संक्षेप

### एंबुलेंस चालक से मारपीट और धमकी, पांच नामजद समेत अज्ञात पर केस दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक एम्बुलेंस चालक के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच नामजद सहित एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला नई बस्ती निवासी धर्मेन्द्र, जो पेशे से एम्बुलेंस चालक हैं, ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि मोहल्ला पनारी निवासी शाकिर सहित अन्य आरोपी आए दिन उसके साथ बिना किसी बात के गाली-गलौज करते थे। आरोप है कि 11 अप्रैल को जिला अस्पताल परिसर में बैठे दौरान शाकिर, अभिषेक व एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि 12 अप्रैल को दो महिलाओं के माध्यम से उस पर राजीनामा करने का दबाव बनाया गया। मना करने पर उसे झूठे मुकदमे में फंसाने और बदनाम करने की धमकी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर उत्पीडऩ करने की भी बात कही गई है। पुलिस ने मामले में शाकिर, अभिषेक, रोशनी, नंदनी सहित एक अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### प्लॉट कब्जे को लेकर विवाद, मारपीट करके 10 लाख की रंगदारी मांगने का आरोप, केस दर्ज

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र में प्लॉट कब्जे को लेकर हुए विवाद में मारपीट, तोडफ़ोड़ और 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बा महरौनी निवासी आलोक कुमार जैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 फरवरी की सुबह वह अपने परिजनों के साथ मड़ावरा रोड स्थित अपने प्लॉट पर निर्माण कार्य कराने पहुंचे थे। इसी दौरान गांव कुआघोषी निवासी बहादुर सिंह, यशवंत सिंह सहित अन्य आरोपी लाठी-डंडे व हथियार लेकर मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य रुकवा दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और 10 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की। मना करने पर आरोपियों ने मारपीट की, प्लॉट के गेट तोड़ दिए तथा वहां रखा सामान भी उठा ले गए। इतना ही नहीं, दीवार पर अपना नाम और मोबाइल नंबर लिखकर कब्जा करने का प्रयास किया। पीड़ित ने बताया कि सूचना देने के बावजूद पहले कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और किसी बड़ी घटना की आशंका बनी हुई है। पुलिस ने बहादुर सिंह, यशवंत सिंह, आकाश, गौरी, किसनू व छोटू के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक निखिल मलिक को सौंपी गई है।

### महुआ बीनने को लेकर विवाद, पिता-पुत्र से मारपीट कर लगाया धमकी का आरोप

**ललितपुर।** मड़ावरा थाना क्षेत्र के ग्राम रखवारा में महुआ बीनने को लेकर हुए विवाद में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रखवारा निवासी राजाभैया यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 मार्च की सुबह करीब 6 बजे आरोपी साधू यादव व आनंद यादव उसके खेत में खड़े महुआ के पेड़ से महुआ बीन रहे थे। मना करने पर दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। पीड़ित के अनुसार बचाव के लिए पहुंचे उसके पुत्र चंद्रपाल को भी आरोपियों ने पीट दिया। घटना के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### हर्षोल्लास से प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों ने भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा और चित्रों पर किया माल्यार्पण

# संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और समानता के व्यवहार की शपथ लेकर मनाई बाबा साहब जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय एवं समानता के संदेश के साथ जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश के निर्देशन में जनपद में हर्षोल्लास के साथ भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती मनाई गई, इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, समाज सेवियों व जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहब की प्रतिमाओं और चित्रों पर माल्यार्पण किया और भावपूर्ण नमन करते हुए संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय एवं समानता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम की श्रृंखला में विकास भवन सभागार में मुख्य आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने बाबासाहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और बाबा साहब के जीवन मूल्यों और उनकी प्रेरणाओं के बारे में सभी को बताते हुए संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय एवं समानता की शपथ दिलाई। समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भावपूर्ण नमन किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर से हम सभी को न्याय और समानता की प्रेरणा मिलती है। देश के संविधान निर्माण में उनके द्वारा किए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वे सामाजिक समानता के प्रणेता थे। उन्होंने समाज को सदैव शिक्षित, संगठित और संघर्ष शील बनने के लिए प्रेरित किया। बाबासाहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का मुख्य संदेश ₹शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो था। उन्होंने शिक्षा को सशक्तिकरण का मूल मंत्र माना, आत्मसम्मान के साथ जीने, महिलाओं की प्रगति को समाज की प्रगति का पैमाना मानने, और लोकतांत्रिक मूल्यों (स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व) के लिए निरंतर संघर्ष करने का आह्वान किया।

मुख्य आयोजन के साथ जनपद की समस्त तहसीलों, विकास खंडों और सभी सरकारी कार्यालयों और अम्बेडकर पार्क में बाबा साहब की जयंती मनाई गई और विभिन्न क्षेत्रों में शोभा यात्राएं भी निकली गईं, जिसमें हजारों की भीड़ उमड़ी। जिला प्रशासन द्वारा शोभायात्राओं के लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्व से ही कर ली गई थीं। नगर क्षेत्र के अम्बेडकर पार्क में अंबेडकर महासभा के तत्वाधान में भी जयंती समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक मो. मुस्ताक सहित, जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवियों तथा जनप्रतिनिधियों व अम्बेडकर महासभा के दीपक गौतम ने बाबासाहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और छात्र छात्राओं को बाबा साहब का संदेश शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का नारा देते हुए शिक्षा का महत्व समझाया और प्रशस्ति पत्र व स्कूल बैग वितरित किए।

छात्र छात्राओं को बताया गया कि अंबेडकर जयंती (14 अप्रैल) मनाने का मुख्य उद्देश्य भारतीय संविधान के जनक डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र के प्रति उनके अतुलनीय योगदान का सम्मान करना है। यह दिन सामाजिक समानता, न्याय, शिक्षा, और जातिवाद-मुक्त भारत के उनके सपनों को याद करने और समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने के प्रति प्रतिबद्धता दोहराने के लिए मनाया जाता है। यह पर्व समाज के प्रति उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए पूरे देश में हर्षोल्लास और सम्मान के साथ मनाया जाता है।

### सुम्मेरा तालाब पर एकत्र होकर चलाया सफाई अभियान

## अंबेडकर जयंती पर विकासार्थ विद्यार्थी और मानव ऑर्गेनाइजेशन ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



भारतरत्न बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विकासार्थ विद्यार्थी एवं मानव ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में सुम्मेरा तालाब की सफाई का वृहद कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अभियान के माध्यम से न केवल जल संरक्षण का संदेश दिया गया, बल्कि पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने की शपथ भी ली गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर तालाब के किनारों से भारी मात्रा में गंदगी और प्लास्टिक कचरे को बाहर निकाला।

इस दौरान विकासार्थ विद्यार्थी के प्रान्त सह प्रमुख डा.राजीव कुमार निरंजन ने बताया कि बाबा साहब का जीवन समरसता और सुधार का प्रतीक है। आज उनकी जयंती पर तालाब की सफाई करना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। जल स्रोतों का संरक्षण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम युवाओं का नैतिक कर्तव्य है। विकासार्थ विद्यार्थी के माध्यम से हम छात्र शक्ति को पर्यावरण की सुरक्षा से जोड़ रहे हैं। विकासार्थ विद्यार्थी विभाग प्रमुख डा.दीपक पाठक ने बताया कि प्रकृति और मानवता का गहरा संबंध है। सुम्मेरा तालाब शहर की धरोहर है और इसे स्वच्छ रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। आज का यह अभियान युवाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने की एक छोटी सी कोशिश है। अभाविप विभाग संगठन मंत्री ने कहा कि परिषद सदैव छात्र शक्ति-राष्ट्र शक्ति के मंत्र पर चलती है। राष्ट्र निर्माण का मार्ग स्वच्छ गलियों और स्वच्छ जलाशयों से होकर गुजरता है। आज सभी कार्यकर्ताओं ने जिस ऊर्जा के साथ श्रमदान किया है, वह सराहनीय है। पर्यावरणविद् एवं संयोजक, गौरैया बचाओ अभियान पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि जल है तो कल है। तालाबों की सफाई से न केवल जल स्तर सुधरता है, बल्कि जैव विविधता को भी नया जीवन मिलता है। इस पुण्य कार्य के लिए मैं सभी संगठनों और युवाओं का आभार व्यक्त करता हूँ।

इस दौरान विकासार्थ विद्यार्थी जिलाध्यक्ष डा.रोहित वर्मा, जिला उपाध्यक्ष डा. विशाल भारतीय नायक, मानव ऑर्गेनाइजेशन के सचिन जैन, बलराम कुशवाहा, जिलाध्यक्ष अमित सैनी, ची ची ग्रुप से आरव पाठक, नीर जैन, गौतमी जैन उपस्थित रहे। अभियान के अंत में सभी उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की शपथ ली। कार्यक्रम के समापन पर अभाविप नगर मंत्री गोपाल शर्मा ने आभार जताया।

### अंबेडकर जयंती पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

## एसपी मो. मुश्ताक ने औचक निरीक्षण कर जांची सुरक्षा

**ललितपुर।** डा.भीमराव अंबेडकर जयंती के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने मंगलवार को कोतवाली सदर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र एवं सीसीटीएनएस कक्ष का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया कि अंबेडकर जयंती पर निकलने वाले जुलूस एवं शोभायात्राएं शांतिपूर्ण व सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराई जाएं। उन्होंने रजिस्टरों के रख-रखाव, लंबित मामलों के विधिक निस्तारण, मालखाने के सुव्यवस्थित प्रबंधन एवं शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने थाने में लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण, वांछित



अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों एवं पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए। साथ ही, थाना स्तर पर आने वाली शिकायतों का समयबद्ध व शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। एसपी ने मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत टीम को स्कूलों व कॉलेजों में महिलाओं व छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर 1090 आदि के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

### अधिकारियों ने अर्पित किए श्रद्धा-सुमन

## अंबेडकर जयंती पर पुलिस लाइन्स में हुआ कार्यक्रम



**ललितपुर।** भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ डा.अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। पुलिस अधीक्षक ने डा. अंबेडकर के आदर्शों एवं उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि डा.अंबेडकर ने समाज में समानता, न्याय और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया, जो आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उनके आदर्शों को अपनाने तथा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जनपद के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को जन्म जयंती पर किया गया नमन

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई द्वारा जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के नेतृत्व में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की जन्मजयंती पर उनकी प्रतिमा स्थली पर पहुंच कर उन्हें माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गयीं और भावपूर्ण याद किया गया।तथा वहां से बापिस आकर के जिला कार्यालय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।आज जिला भाजपा द्वारा बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की जन्मजयंती पर उनको याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन जिला महामंत्री रजनी अहिरवार ने किया। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व जिला महामंत्री बंशीधर श्रीवास रहे । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को बाबा साहेब के बारे में अधिक से अधिक अध्ययन कर जानकारी रखनी चाहिए तभी हम मंचों पर उनके बारे में सही पक्ष रख पायेंगे। बाबासाहेब ने कांग्रेस से मतभेद होने के कारण सरकार से इस्तीफा दे दिया।

### श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित

## डॉ.भीमराव अंबेडकर ने समाज में समानता और भाईचारा स्थापित किया : रामनरेश दुबे



**ललितपुर।** भारतरत्न एवं संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जनपद में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे ने कहा कि डा.अंबेडकर ने समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के महत्व को बताते हुए एक मजबूत और समतामूलक समाज की नींव रखी। आयोजित कार्यक्रमों में सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### टीकाकरण की गुणवत्ता सुधारने के दिए निर्देश

## जिले में राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डा.अजय गुप्ता ने जिले का महत्वपूर्ण प्रशासनिक भ्रमण कर नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सीएमओ कार्यालय में भारतरत्न डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। भ्रमण की शुरुआत जिला चिकित्सालय स्थित कोल्ड चेन सिस्टम के निरीक्षण से हुई। यहां उन्होंने टीकों के सुरक्षित भंडारण और तापमान नियंत्रण व्यवस्था की बारीकी से जांच की।



उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि टीकों की प्रभावशीलता बनाए रखने के लिए निर्धारित तापमान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोविन्द नगर एवं नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर चौकाबाग का दौरा किया, जहां ई-कवच पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों और लाभार्थियों के रिकॉर्ड का मिलान किया गया। फील्ड विजिट के दौरान उन्होंने एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं से संवाद कर निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे और हर घर तक पहुंच सुनिश्चित की जाए। सीएमओ कार्यालय में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में डा.गुप्ता ने कहा कि दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में टीकाकरण कवरेज बढ़ाने के लिए सामुदायिक जागरूकता अभियान पर विशेष जोर दिया जाए।

## शांतोदय तीर्थ पर श्री पंचकल्याणक प्रतिष्ठा- एवं त्रय गजरथ,महा- मस्तकाभिषेक हुआ


हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

चांदपुर में विगत 8- अप्रैल से 13 अप्रैल तक 6 - दिवसीय महोत्सव का हुआ समापन आयोजित

श्री शांन्तोदय तीर्थ क्षेत्र चांदपुर में विगत 8- अप्रैल से 13 अप्रैल तक 6 - दिवसीय महोत्सव के क्रम में श्री पंचकल्याणक प्रतिष्ठा,त्रय गजरथ महोत्सव एवं प्रतिष्ठित भगवान श्री शांतिनाथ जी की प्राचीन व नवीन मूर्ति का महामस्त काभिषेक के संग साथ सानंद संपन्न हुआ महा-महोत्सव, समापन बेला मोक्ष कल्याणक के दिवस प्रातः भगवान को कैलाश पर्वत पर निर्वाण प्राप्त होता है,कैलाश पर्वत पर मात्र उनका शरीर विलय होकर उनके नख और केश बचते है। उक्त नख व कैशों को चारों भवनवासी के अग्नि देवों द्वारा हवन कुण्ड में विसर्जित किया जाता हैं।

### महकमे ने की कई वाहनों पर कार्रवाई

## अवैध खनन व ओवरलोडिंग के खिलाफ सघन अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह के नेतृत्व में अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान जनपद के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर संदिग्ध और ओवरलोड वाहनों की गहन चेकिंग की गई। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही माल परिवहन करने तथा सभी वैध प्रपत्र साथ रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्हें यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करते हुए अवैध खनन और ओवरलोडिंग से होने वाली दुर्घटनाओं एवं राजस्व हानि के बारे में भी जानकारी दी गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### एसपी मो. मुश्ताक ने दिखाई जागरुकता रैली को हरी झंडी

# अग्निशमन स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के अवसर पर मंगलवार को फायर स्टेशन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक, एएसपी कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी तवारक हुसैन सहित अन्य पुलिस एवं फायर सर्विस कर्मियों ने शहीद अग्निशमन कर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में शहीदों को पुलिस गार्द द्वारा शोक-शस्त्र कर सलामी दी गई तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इसके उपरांत उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को पिन फ्लैग लगाए तथा वाहनों पर लगाने हेतु स्टीकर व पम्पलेट वितरित किए। एसपी मो. मुश्ताक ने कहा कि अग्निशमन कर्मी अपनी जान की परवाह किए बिना दूसरों की रक्षा करते हैं और उनका बलिदान समाज के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने सभी को कर्तव्यनिष्ठा, साहस एवं सेवा भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मौजूद सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने शहीदों के प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

### अग्नि सुरक्षा सप्ताह में निकाली गई जागरुकता रैली

अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत आमजन को आग से बचाव एवं आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने अग्निशमन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली, जहां अग्नि सुरक्षा से संबंधित पम्पलेट वितरित किए गए और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से स्कूलों, संस्थानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलायी गई। इस दौरान नागरिकों को आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले प्राथमिक उपाय, अग्निशमन उपकरणों के उपयोग, विद्युत उपकरणों के सुरक्षित संचालन एवं आपातकालीन स्थिति में सतर्क रहने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही गैस सिलेंडर, विद्युत तारों एवं ज्वलनशील पदार्थों के सुरक्षित उपयोग के प्रति भी जागरूक किया गया। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करें तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल अग्निशमन सेवा एवं पुलिस को सूचना दें।

## जीरापुर, छापीहेड़ा और माचपुर से बुलाई फायर ब्रिग्रेड ने पाया आग पर काबू

# फर्नीचर गोदाम में आग ने मचाया तांडव लाखों का सामान जलकर हुआ खाक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के विजया कान्वेंट स्कूल रोड के पास नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि के मकान के पीछे स्थित शारदा फर्नीचर के गोदाम में करीबन पांच बजे अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गोदाम में रखा शादी का फर्नीचर, सोफा सेट, डबल बेड, सेंटर टेबल, गद्दे, कूलर, फ्रिज और टीवी पूरी तरह जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार गोदाम मालिक राहुल पिता ओंकारलाल विश्वकर्मा निवासी भंडावद वाले के गोदाम में आग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन आग ने पूरे समान को चौपट कर दिया।

### 3 घंटे में आग पर पाया काबू

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। लेकिन आग का विकराल रूप देखते हुए प्रषासन ने आग बुझाने के लिए जीरापुर, छापीहेड़ा और माचलपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गईं। करीब 2 से 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक गोदाम के अंदर के समान के साथ साथ बाहर लगी टीन शैड भी जलकर खत्म हो गई। स्थानीय नगर परिषद की फायर ब्रिगेड पहले दोर में आग बुझाने में सहायक रही वहीं बाद में फायर ब्रिगेड का पम्प नहीं चला जो जन चर्चा का विषय बना।

### गोदाम में रखा पूरा सामान बना राख

इस हादसे में गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। जिससे व्यापारी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। शादी विवाह लग्न को देखते हुए गोदाम मालिक ने लाखों रुपए का समान भर रखा था। गोदाम से लगे सचिन अग्रवाल एवं रामबाबू गुप्ता भोजपुर वाले के नवनिर्मित मकान की दीवार भी क्षति ग्रस्त हुई। मौके पर एसडीएम अंकिता जैन, एसडीओपी डीएस नागर, तहसीलदार कमलसिंह सौलंकी, थाना प्रभारी हुकम सिंह मीणा, सब इंस्पेक्टर संतोषसिंह, नगर परिषद पुलिस विभाग, तहसील विभाग का अमला एवं जन समुदाय भारी संख्या में मौजूद रहे। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की विवेचना कर रही है।

# हाईवे किनारे रेस्टोरेंट में चोरों ने चटकाए ताले, नकदी सहित सामान किया चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



नेशनल हाईवे स्थित इंडस्ट्रीज एरिया में रविवार रात एक रेस्टोरेंट में चोरी की वारदात सामने आई। चोरों ने दुकान के जालीदार गेट और शटर के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और नकदी सहित कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।

जानकारी के अनुसार, इंडस्ट्रीज एरिया में आनंद ट्रेडर्स के सामने, कुरावर और इंडस्ट्रीज एरिया के बीच स्थित राठौर रेस्टोरेंट संचालक पप्पू राठौर पिता अमृतलाल राठौर रविवार रात अपने पूरे परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर पूजा के लिए गए हुए थे। रात करीब 11 बजे वे दुकान के आसपास का जायजा लेकर सब कुछ व्यवस्थित पाकर अपने घर लौट गए थे। लेकिन सोमवार सुबह जब वे दुकान खोलने पहुंचे तो नजारा देखकर हैरान रह गए। दुकान की जाली का ताला टूटा हुआ पड़ा था और अंदर शटर के दो ताले भी कटे व टूटे मिले। इसके बाद जब वे अंदर गए तो पलंग पेटी का ताला भी टूटा मिला। फरियादी के अनुसार, पेटी में रखे करीब 60,000 रूपये नकद, एक गुल्लक जिसमें लगभग 4-5 हजार रुपए और एक राजश्री बैग (कीमत लगभग 25,000 से 30,000) चोरी हो गया। कुल मिलाकर करीब 1,00,000 के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास के क्षेत्र में भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### स्थानीय लोगों में आक्रोश

इस घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में डर और नाराजगी का माहौल है। उनका कहना है कि हाईवे और इंडस्ट्रीज एरिया में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं, जिसके चलते चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से रात के समय गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## अज्ञात कारण के चलते युवक ने लगाई फांसी, परिवार में छाया मातम

**कुरावर/पीलूखेड़ी।** नगर के समीप एक घटना सामने आई है, जहां 22 वर्षीय युवक ने अपने ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान राजेन्द्र पिता सत्यनारायण के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना सोमवार सुबह करीब 10 बजे की है। जब मृतक की छोटी बहन घर पहुंची तो उसने कमरे के अंदर भाई को फंदे पर लटका देखा। यह दृश्य देखते ही उसने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पड़ोसियों की मदद से युवक को तुरंत फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि घटना के समय परिवार के सदस्य पास ही स्थित ईंट भट्टे पर काम करने गए हुए थे। युवक रविवार देर रात भोपाल से ईंट बेचकर घर लौटा था। इसके बाद सुबह करीब 10 बजे उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना के बाद पूरे परिवार में शोक का माहौल है। वहीं, आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा

# विधायक के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र को मिले 8 नए डॉक्टर

**जीरापुर।** खिलचीपुर विधानसभा क्षेत्र विधायक हजारीलाल दांगी के लगातार प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के जीरापुर, माचलपुर खिलचीपुर में आठ नए डॉक्टर की नियुक्ति हुई, जिसमें 4 डॉक्टर सिविल अस्पताल खिलचीपुर, 3 डॉक्टर सिविल अस्पताल जीरापुर तथा 1 डॉक्टर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माचलपुर में अपनी सेवाएं देंगे। विधायक हजारीलाल दांगी ने बताया कि उनके द्वारा लगातार आयुक्त स्वास्थ्य विभाग भोपाल, स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल, मुख्य मंत्री मोहन यादव से संपर्क कर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए डाक्टर की नियुक्ति करवाई गई। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरों के मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा इन अस्पतालों में मिल सकेगी। अधिकांश ऐसे मरीज रहते हैं जिन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अन्यत्र जाना पड़ता है उन्हें स्थानीय स्तर पर प्राथमिक तौर पर आकस्मिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।



विधायक दांगी के प्रयासों से सिविल अस्पताल जीरापुर के लिए डॉ निलेश कुमार एनेस्थिसियोलॉजी , डॉ पूजा पटेल जनरल मेडिसिन , और डॉ शिखा मीना स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ व एक डॉक्टर माचलपुर अस्पताल के लिए डॉ आकाश मीणा की नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग को मिली सौगात को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला का विधायक ने आभार व्यक्त किया।

# कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



सोमवार को जिले के कालीपीठ, चाठा एवं बैलास उपार्जन केंद्रों का कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन व्यवस्था का गहनता से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पेयजल, छांव, बैठने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

साथ ही निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्र चाठा में व्यवस्थाओं में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नोडल अधिकारी नरेश मीणा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंपने उपार्जन केंद्रों पर खरीदी प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण तथा अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुसार उपार्जन कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संचालित किया जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बॉटम-5 में शामिल विभागों को रैंकिंग में सुधार के निर्देश

# समय-सीमा बैठक आयोजित, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश



**राजगढ़।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण एवं पुराने अभिलेखों को सुरक्षित रूप से संधारित करें। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों का डिजिटलीकरण सुनिश्चित करते हुए उन्हें पेनड्राइव अथवा ई-ऑफिस प्रणाली में सुरक्षित रूप से रिकॉर्ड किया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर आसानी से उपलब्ध हो सकें। साथ ही सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। विशेष रूप से बॉटम-5 में शामिल विभागों को एक सप्ताह के भीतर अपनी रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान समय-सीमा के लंबित आवेदनों पर बिंदुवार (1-2-1) चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही आगामी 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम को लेकर भी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम में हितग्राहियों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए उनके आवागमन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। बैठक में अपर कलेक्टवर प्रतापसिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नलों में टोटी लगाने किया प्रेरित



**जीरापुर।** नगर परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नलों में टोटी अभियान चलाया गया। नगर परिषद ने जल उपभोक्ताओं से आह्वान कर नलों में टोटी लगाने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें पानी भरने के बाद अपने नल की टोटी बंद करें। गर्मी ऋतु को ध्यान में रखते हुए पानी बचाओ पानी व्यर्थ ना बहाओं अभियान की शुरुआत की गई। नगर के माचलपुर रोड से अभियान प्रारंभ किया जिसमें हर कनेक्शन पर टोंटी लगाने की सलाह देने का काम वॉल मेंन करेंगे। जहां हर अपने-अपने मोहल्ले वार्ड में टोंटी लगाने की शुरुआत की गई। अभियान में प्रमुख रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय, जल शाखा कर्मचारी सहित नगर परिषद के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले में चल रहे निर्माण कार्यों का कराना होगा पंजीयन

**ब्यावरा।** श्रम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार नियम, 1998 एवं मध्य प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार अधिनियम, 1996 की धारा 46, 48 एवं धारा 7 क प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक निर्माण कार्य के प्रारंभ से पूर्व संबंधित नियोजक द्वारा कार्य प्रारंभ होने के 30 दिवस पूर्व श्रम विभाग को सूचना देना एवं पंजीयन कराना अनिवार्य है, बिना पूर्व सूचना एवं बिना पंजीयन के निर्माण कार्य करना उपर्युक्त अधिनियमों एवं नियमों का उल्लंघन है। यदि किसी अपंजीकृत अथवा बिना पूर्व सूचना के संचालित निर्माण स्थल पर कोई अप्रिय घटना, दुर्घटना घटित होती है, तो उसकी समस्त जवाबदेही संबंधित नियोजक निर्माण एजेंसी ठेकेदार की होगी एवं ऐसे प्रकरणों में भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार (नियमन एवं सेवा शर्त) अधिनियम, 1996 तथा भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 के प्रावधानों के अंतर्गत संबंधित अधिकारियों द्वारा विधिसम्मत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जिले अंतर्गत समस्त निर्माण एजेंसीयों, ठेकेदारों, नियोजकों से अपील है कि जिले अंतर्गत संचालित अपंजीकृत निर्माण कार्यों का तत्काल पंजीयन कराए एवं नियमानुसार निर्माण लागत की 1 प्रतिशत राशि उपकर के रूप में कर्मकार मंडल में जमा कराएं।

# महाविद्यालय में उच्च शिक्षा के विस्तार की मांग को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शहर के शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा के अधिकार को लेकर छात्रों की महत्वपूर्ण मांगों के समर्थन में एनएसयूआई ने प्राचार्य एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एनएसयूआई शहर अध्यक्ष अलरजा कुरैशी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र प्रतिनिधि मौजूद रहे।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से महाविद्यालय में एलएलबी,बीबीए और एमएससी जैसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की मांग उठाई गई। एनएसयूआई का कहना है कि सारंगपुर क्षेत्र के कई मेधावी छात्र आर्थिक तंगी के चलते बाहर जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते हैं। वहीं दूरी और सुरक्षा कारणों से कई अभिभावक अपनी बेटियों को बाहर पढ़ने भेजने में असमर्थ रहते हैं। छात्र नेताओं ने बताया कि यदि ये कोर्स स्थानीय स्तर पर शुरू किए जाते हैं तो न केवल क्षेत्र के छात्रों को बेहतर अवसर मिलेंगे, बल्कि विशेष रूप से महिला शिक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान महाविद्यालय उपाध्यक्ष देव गुर्जर, सचिव रामपाल हाड़ा, कैफ मंसूरी, अरुण भिलाला, कपिल कराड़ा सहित एनएसयूआई की पूरी टीम उपस्थित रही। अंत में एनएसयूआई शहर अध्यक्ष अलरजा कुरैशी ने प्रशासन से मांग की कि छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए इन पाठ्यक्रमों को जल्द से जल्द महाविद्यालय में प्रारंभ किया जाए, ताकि स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकें।

# महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्ठा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चारू शर्मा कांस्टेबल थाना, जगदीश यादव असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर, दिलीप कुमार राठौर आर्मी एयर डिफेंस, गंगानगर, राजस्थान उपस्थित रहे। जहा अतिथियों ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रणी हैं और नारी शक्ति ही देश की वास्तविक शक्ति है। संचालन दिनेश दांगी ने किया संयोजक दिव्यांश शर्मा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, डॉ. रश्मि सोनी, कनीज अंसारी, डॉ. कमल सिंह अहिरवार, पित्तरुस धुर्वे, भुवनेश गुप्ता, डॉ. रीना पाटीदार, डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता, कपिल वैष्णव, केतन गुप्ता, मुकेश सेन, ललित कुमार शर्मा, रोहित मालवीय, मनोहर परमार सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पहले जाति प्रमाण-पत्र जारी फिर किया बंद

# जाति प्रमाण पत्र जारी रखने की मांग को लेकर पाल समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



तहसील में पाल समाज के लोगों द्वारा अपनी समाज के जाति प्रमाण पत्र को लेकर कई दिनों से जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर लगा रहे थे। लगातार प्रयास के बाद मुश्किल से उनके कुछ जाति प्रमाण पत्र बन पाए कि अचानक से फिर उनका जाति प्रमाण पत्र बनाना बंद कर दिया।

इसी को लेकर पाल समाज के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे के नाम ज्ञापन देना चाहा किंतु मौके पर अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार नहीं मिले तो समाज के प्रतिनिधियों ने उनके नाम का ज्ञापन बाबू करण परिहार को सौंपकर समाज के लोगों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाल समाज के लोग लगभग 23 गांवों में निवास करते हैं, जिनकी कुल आबादी करीब 20 हजार है। समाज की लगभग 70 प्रतिशत आबादी ओबीसी वर्ग में आती है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पूर्व में पाल समाज के कई लोगों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जा चुके हैं, लेकिन वर्तमान में जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। इसके चलते समाज के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं और प्रवेश प्रक्रियाओं में जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है, जो समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।



इस दौरान समाजजनों ने बताया कि पहले एसडीएम कार्यालय द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाते थे, लेकिन अब किसी कारणवश प्रक्रिया बाधित हो गई है, जिससे विद्यार्थियों और आम लोगों में असंतोष की स्थिति बन रही है। पाल समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से शीघ्र संज्ञान लेकर जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आगे आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में बड़े तालाब के घाट की हुई साफ सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड जीरापुर द्वारा सोमवार को नगर के बड़े तालाब की पेडिया घाट साफ सफाई की गई है। संस्था श्री महावीर चाठा कुंडी बालाजी शिक्षण समिति माचलपुर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति माचलपुर के द्वारा घाट पर हो रही गंदगी को श्रम दान कर साफ सफाई की गई। जिसमें ब्लॉक समन्वयक बिरमसिंह परमार, नवांकुर संस्था अध्यक्ष दिनेश कुमार लववंशी, कोषाध्यक्ष राधेश्याम लववंशी, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष यशवंतसिंह गुर्जर, सचिव सत्यनारायण गुर्जर, रामबाबू मालाकर, आकाश लववंशी, राकेश केवट, विकास केवट सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।